म्हारा हरियाणा, सक्षम हरियाणा

# CREATIVE ANDCRITICAL THINKING REFERENCE & PRACTICE MATERIAL

## Hindi, Class-8

(दो बैलों की कथा और कबीर साखियाँ व सबद आधारित)

### TESTING AND ASSESSMENT WING

## STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING GURUGRAM (HARYANA)

**प्रतिमान -1 (दो बैलों की कथा पाठाधारित आधारित)**

हमारा भारत वर्ष लम्बी गुलामी के बाद आजाद हुआ। आजादी को पाने के लिए देश के अनेक वीरों ने अपनी जान की कुर्बान दी।पहले मुगलों ने, फिर अंग्रेजों ने हम पर जमकर अत्याचार किए।जिस भारत को कभी 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था,उसका उन्होंने जमकर शोषण किया और जैसे चाहा-वैसे लूटा।आजादी हमें केवल एक बार के प्रयास से नहीं मिली अपितु इसके लिए देश की जनता ने एक लम्बा संघर्ष किया है।1857 मे सैनिक मंगल पांडेय द्वारा क्रांति का बिगुल बजाया गया जिसमें बैरकपुर छावनी के भारतीय सैनिकों ने हथियार उठा लिए। फिर उसके बाद तो हमारे प्रयास लगातार जारी रहे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन से अंग्रेजी-शासन की नींव हिल गई और आख़िर एक लम्बे संघर्ष के बाद हम आजाद हुए ।

प्रश्न-1 हमारे देश पर अंग्रेजो से पहले किसने राज किया ?

प्रश्न-2 सन् 1857 की क्रांति का पहला बिगुल समाज के किस वर्ग ने बजाया?

प्रश्न-3 आपके अनुसार शोषण को रोकने का सबसे बड़ा हथियार क्या है ?

क) धन ख) विज्ञान ग) शिक्षा घ) सेना

प्रश्न-4 यदि अंग्रेजी शासन के दौरान भारतीय और अंग्रेज सैनिकों का अनुपात 3:1 था और सैनिकों की कुल संख्या 90000 हो तो भारतीय सैनिकों की संख्या कितनी होगी?

प्रश्न- 5. 'नींव हिलना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिए ?

-**डॉ. अश्विनी शर्मा**, **प्रवक्ता**, **जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम**

**प्रतिमान -2 (कबीर साखियाँ व सबद पाठाधारित )**

प्राचीन धर्म-प्रवर्तकों ने 'साखी' शब्द का प्रयोग अपने गुरुजनों की बात को अपने शिष्यों अथवा जन-साधारण तक पहुंचाने में किया है। अतः प्राचीन धर्म-प्रवर्तकों द्वारा प्रतिपादित ज्ञान को शिष्यों के समक्ष, साक्षी रुप में उपस्थित करते समय जिस काव्यरुप का जन्म हुआ, वह साखी कहलाया।

संत कबीर दास की साखियां बहुत प्रासंगिक और जन-जन में लोकप्रिय हैं। कबीर ने नीति, व्यवहार, एकता, समता, ज्ञान और वैराग्य आदि समझाने के लिए 'साखी' का प्रयोग किया है। कबीर की साखियों में दोहा छंद का प्रयोग सर्वाधिक किया गया है।कबीर के बीजक में 353 साखियाँ, कबीर ग्रंथावली में 919 साखियाँ हैं। आदिग्रंथ में साखियों की संख्या 243 है, जिन्हें श्लोक कहा गया है। संत कबीर ने अपनी साखियों में नैतिक, अध्यात्मिक, सांसारिक, पारलौकिक इत्यादि विषयों का वर्णन किया है। यथा -

जग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।।

प्रस्तुत साखी में कबीर जी कहते हैं कि जिस मनुष्य का मन शांत होता है, दुनिया में उसका कोई शत्रु नहीं हो सकता है। यदि दुनिया का हर मनुष्य स्वार्थ, क्रोध जैसी भावनाओं का त्याग कर दे, वो दयालु और महान बन सकता है।

प्रश्न-1 'साखी' शब्द का प्रयोग किसलिए होने लगा ?
प्रश्न-2 मनुष्य को महान बनने के लिए किसका त्याग करना होगा?
प्रश्न-3 गद्यांश में उल्लेखित दोहे में चरणों की संख्या कितनी है
प्रश्न-4 यदि एक दोहा छंद में कुल 48 मात्राएँ होती है तो बीजक में संकलित दोहों की मात्राओं की कुल संख्या बताइए
प्रश्न-5 कबीर साखियों का मूल भाव क्या रहा ?

**-डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम**

**प्रतिमान -3 (कबीर साखियाँ व सबद पाठाधारित)**

बड़ा हुआ तो क्या हुआ,जैसे पेड़ खजूर ।
पंछी को छाया नहीं,फल लागे अति दूर ।।

नल की अरु नल नीर की,एक गति जोय।
जेतो नीचे होय चले,तेतो ऊँचो होय।।

आत्मज्ञान बिना नर भटके ,कोई मथुरा कोई काशी रे।
मोहे सुन-सुन आवे हाँसी रे,पानी में मीन प्यासी रे।।

प्रश्न-1. कवि ने 'नल-नीर' और 'नर' की अवस्था एक क्यों बताई है?
प्रश्न-2. घनश्याम एक बहुत रईस व्यक्ति है। उसके पास धन दौलत की कोई कमी नहीं है; परन्तु उसके गाँव में ही बहुत लोग कुपोषण और अशिक्षा के शिकार हैं। क्या आप घनश्याम को एक श्रेष्ठ और गुणी व्यक्ति कहेंगे? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।
प्रश्न-3. प्रदत्त दोहों में किन पौराणिक धार्मिक स्थानों की चर्चा हुई है?
प्रश्न-4 एक व्यक्ति खजूर के एक पेड़ पर एक प्रयास में 3 फीट चढ़ता और 1 फीट नीचे खिसक जाता है यदि पेड़ 59 फीट ऊँचे पेड़ पर चढ़ने के लिए कितने प्रयास करनेपड़ेंगे ।
प्रश्न-5. सेठ धनीराम को घर से 650 किलोमीटर की दूरी पर स्थित काशी यात्रा पर जाना है। ड्राइवर द्वारा कार का खर्च 15 रुपए प्रति किलोमीटर बताया व रास्ते में आने वाले सभी टोल का भी भुगतान करने को कहा। यदि रास्ते में 6 टोल आते है, जिनका खर्च विवरण सारिणी में दिया गया है | आप सेठ जी की यात्रा का कुल वाहन खर्च बताइए -

| क्रम | टोल खर्च | टोल संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 140/-रु. | 2 |
| 2 | 80/-रु. | 3 |
| 3 | 100/-रु. | 1 |

- **डॉ० अजय सिंह, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान**, **मात्रशाम** (**हिसार**)

**प्रतिमान -**4 **(किसान** क्रेडिट **कार्ड सम्बन्धी विज्ञापन)**




प्रश्न- 1 यदि आप हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड से ई-मेल द्वारा संपर्क करना चाहते हैं तो किस पते पर करेंगे?

क. indiavita@gmail.com

ख. vitaindia@gmail.com

ग. hddcfl@hry.nic.in

घ. ख तथा ग दोनों

प्रश्न- 2 हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

क. पंचकुला

ख. अंबाला

ग. सिरसा

घ. रोहतक

प्रश्न- 3 यदि एक किसान ने अपने क्रेडिट कार्ड पर 60000 का ऋण 9 प्रतिशत ब्याज दर पर लिया है तो विज्ञापन में दी गयी छूट के अनुसार उसे दो वर्षों की तय समय सीमा पर भुगतान करने पर कितने रुपये लौटाने पड़ेंगे?

प्रश्न- 4 उपरोक्त विज्ञापन में सबसे ऊपर दायें कोने पर एक हरे सफ़ेद रंग का चिह्न अंकित है। यह चिन्ह दर्शाता है-

क. फसल को

ख. दूध को

ग. शाकाहार को

घ. मांसाहार को

प्रश्न-5 बिना कुछ गिरवी रखे क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा का18% कितना होगा?

क) 28000 ख) 28800 ग) 28808 घ) 28008

-**चेतन जाठोल**, **बी**0 **आर**0 **पी**0 **हिन्दी**, **मातनहेल**, **झज्जर**

प्रतिमान - **5** (घटता लिंगानुपात आधारित सूचना)




प्रश्न-1 - भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत का लिंगानुपात कितना है ?

क) 940 ख ) 930 ग ) 918 घ ) 935

प्रश्न-2 - लिंगानुपात की गणना किस आधार पर की जाती है?

प्रश्न- 3 - वर्ष 1961 से वर्ष 2011 तक लिंगानुपात कितने प्रतिशत घटा ? उपर्युक्त चित्र के अनुसार बताएं

प्रश्न- 4 – वर्तमान उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यदि हरियाणा में लिंगानुपात 871 से बढ़कर 923 हुआ है | यदि हरियाणा की कुल जनसँख्या 2.89 करोड़ हो तो महिलाओं की संख्या ज्ञात कीजिए |

प्रश्न- 5 - घटते लिंगानुपात के लिए उत्तरदायी कोई दो कारण लिखिए |

**-किरण बाला, प्रवक्ता, रा० क० व० मा० वि० डीघल, ब्लाक बेरी**

**प्रतिमान -6 (हिंदी दिवस आधारित)**




हिन्दी दिवस पर्व है।
इस पर हमें गर्व है।।

सम्मानित हो राष्ट्रभाषा।
सबकी यही अभिलाषा।।

सदा मने हिन्दी दिवस।
शपथ लें मने पूरे बरस।।

प्रश्न- 1. हिंदी भाषा के किन्ही तीन कवियों के नाम लिखिए जिनकी कविताएँ आपने पिछली कक्षाओं में पढ़ीं हैं |

प्रश्न- 2. 'हिंदी दिवस' किस उपलक्ष्य में मनाया जाता है ?

प्रश्न- 3. हिंदी वर्णमाला में 25वें व्यंजन के बाद चौथा व्यंजन कौन-सा होगा ?

प्रश्न- 4. 'शपथ' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

प्रश्न- 5. उपर्युक्त चित्र में वक्ता क्या सन्देश देना चाहता है ?

-**सरिता**, **बी**0 **आर**0 **पी**0 **हिन्दी** , **बेरी**, **झज्जर**

उत्तरमाला:

**प्रतिमान -**1

उत्तर **-1** –मुगलों ने

उत्तर **-2** –सैन्य - वर्ग

उत्तर **-3-** शिक्षा

उत्तर **-4- 67500** सैनिक

उत्तर **-5** – छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

**प्रतिमान -**2

उत्तर **-1** –गुरुजनों की बात को अपने शिष्यों अथवा जन – साधारण तक पहुंचाने में किया गया

उत्तर **-2-**स्वार्थ, क्रोध जैसी भावनाओं का

उत्तर **-3** –चार चरण

उत्तर **-4 -16944** मात्राएँ

उत्तर **-5-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

**प्रतिमान -**3

उत्तर **-1-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-2-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-3** – मथुरा - काशी

उत्तर **-4 - 30**

उत्तर **-5 -10370** रूपए

**प्रतिमान -**4

उत्तर **-1-** ख तथा ग दोनों

उत्तर **-2 -** पंचकुला

उत्तर **-3- 63600** रु

उत्तर **-4-** शाकाहार

उत्तर **-5- 28800**

**प्रतिमान -**5

उत्तर **-1- 918**

उत्तर **-2-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-3 - 5.94** प्रतिशतघटा

उत्तर **-4- 13337350** महिला

उत्तर **-5-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

**प्रतिमान -**6

उत्तर **-1-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-2** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-3 -** 'व' वर्ण

उत्तर **-4-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर **-5-** छात्र स्व – विवेक से उत्तर देंगे ।